**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1899**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## नागर विमानन क्षेत्र में रिक्तियां

**1899. श्री राजीव प्रताप रूडीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) जैसे प्रमुख विमानन निकायों में लगभग आधे पद रिक्त हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, इसके क्या कारण हैं और इनमें से प्रत्येक संगठन में स्वीकृत संख्या और मौजूदा कर्मचारियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन रिक्तियों का विमानन सुरक्षा, हवाईअड्डा सुरक्षा निरीक्षण, विनियामक प्रबंधन और समग्र परिचालन दक्षता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने इन रिक्तियों को तत्काल भरने और मानव संसाधन को सुदृढ़ बनाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए हैं/उठाने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (घ): नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में स्वीकृत और रिक्त पदों की स्थिति का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि देश में नागर विमानन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, पिछले दो वर्षों में इन संगठनों में अनेक पदों का सृजन किया गया है। इसलिए, पदों की कमी से इन संगठनों का कामकाज प्रभावित नहीं हुआ है।

इसके अतिरिक्त, अपेक्षित जनशक्ति की समय पर और निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती की सभी पद्धतियों का कड़ाई से पालन किया जाता है। विज्ञापनों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया, चयनित उम्मीदवारों का कार्यभार ग्रहण न करना, पदोन्नति के लिए फीडर कैडर में अपर्याप्त सेवा वाले व्यक्ति, प्रतिनियुक्ति पदों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया जैसे कारणों से उत्पन्न होने वाली रिक्तियों के कारण आए अंतराल में आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए, अल्पकालिक संविदात्मक नियुक्ति के माध्यम से व्यक्तियों की भर्ती करने का प्रयास किया जाता है।

**अनुलग्नक**

**नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) में स्वीकृत और रिक्त पदों का विवरण इस प्रकार है:**

| **संगठन का नाम** | **स्वीकृत पद** | **भरे हुए पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|
| बीसीएएस | 598 | 368 | 230 |
| डीजीसीए | 1644 | 821 | 823 |
| एएआई | 25730 | 16253 | 9477 |

**नोट**: पिछले दो वर्षों में कुछ पद सृजित किए गए हैं, जो नीचे दर्शाए गए हैं:

1. डीजीसीए में वर्ष 2022 और 2024 के बीच 426 तकनीकी पदों सहित 441 पद सृजित किए गए हैं।
2. बीसीएएस में वर्ष 2024 में पुनर्गठन के दौरान 84 परिचालन संबंधी पद सृजित किए गए हैं।
3. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में हाल ही में वायु यातायात नियंत्रकों (एटीसीओ) के 840 पद सृजित किए गए हैं।

*****